दिनांक–28.09.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिले 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव।
- राज्य में यौन अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस अफसरों को दिए निर्देश
- भोपाल, इंदौर और ग्वालियर समेत करीब 23 जिलों में कल जमकर बरसे बादल, आज मालवा-निमाड़ क्षेत्र में होगी बारिश।

-------------------------------------------

प्रधानमंत्री-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी। प्रधानमंत्री का लगातार तीसरे कार्यकाल में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह चौथी कडी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

-------------------------------------------

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

प्रदेश सरकार को सागर में कल आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 23 हजार 181 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 27 हजार 375 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य का बुन्देलखंड, विकसित बुन्देलखंड होगा। छोटे से छोटे उद्यमी की सहायता के लिए भी राज्य सरकार पूर्ण सहायोग देगी। मुख्यमंत्री ने सागर संभाग के 6 जिलों सागर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर और दमोह में इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेंटर और संभागीय मुख्यालय में एमपीआईडीसी के रीजनल ऑफिस का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने "मध्यप्रदेश संदेश" के अंग्रेजी संस्करण का लोकार्पण किया।

-------------------------------------------

उज्जैन हादसा

उज्जैन में महाकाल मंदिर के सामने महाराजवाड़ा स्कूल के समीप तेज बारिश के चलते एक पुरानी दीवार ढह गई। इस हादसे में मलबे में दबने से दो लोगों की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम की मदद से मलबे में दबे लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अधिकांश घायल महाकाल मंदिर के सामने दुकान लगाकर पूजन सामग्री बेचने वाले हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस घटना पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिये हैं। साथ ही घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं।

---------------------------------------------

मोदी सरकार के सौ दिन

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। आदिवासी बाहुल्य बालाघाट जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी तेजी से विकसित हुआ है। स्थानीय निवासी रमेश रंगलानी ने बताया कि बालाघाट में सड़क, बड़े पुल,ओवर ब्रिज,रेल कनेक्टविटी में काफी प्रगति देखने को मिली है।

---------------------------------------------

छिंदवाडा दीक्षांत समारोह

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुये। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं उपाधि भेंट की। कार्यक्रम को संबोधित कर राज्यपाल ने जनजातीय नायक राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह का स्मरण करते हुए दीक्षित होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयीन शिक्षा का स्वरूप शैक्षणिक संस्कारों को सेवा संस्कारों में बदलने, समाज और राष्ट्र सेवा के लिए देश की भावी पीढ़ी को संकल्पित कराना है।

---------------------------------------------

पर्यटन ग्राम सम्मान

केन्द्र सरकार ने अंतराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर मध्यप्रदेश के तीन गांवों को विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम से सम्मानित किया है। प्राणपुर को शिल्प श्रेणी में और सावरवानी एवं लाडपुरा खास को जिम्मेदार पर्यटन की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। प्राणपुर चंदेरी में, लाडपुरा खास निवाड़ी और सावरवानी छिंदवाड़ा जिले में हैं।

------------------------------------------

पुलिस बैठक

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में यौन अपराधों की प्रभावी रोकथाम, यौन अपराधियों की सघन जांच और यौन अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कार्रवाई पर सभी पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए है। श्री सक्सेना ने लैगिंक अपराधों में संलिप्त रहे लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर सभी थाना क्षेत्रों में विगत दस वर्षों में इस तरह के अपराधों में लिप्त रहे लोगों की सघन जाँच एवं निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा है। बैठक में स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, एडीजी चंचल शेखर, पवन श्रीवास्तव सहित प्रदेश के सभी जोनल आईजी/एडीजी, भोपाल एवं इंदौर कमिश्नरेट के आयुक्त, एसपी सम्मिलित रहे।

------------------------------------------

आयुर्वेद दिवस

9 वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद दिवस 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस साल की थीम "वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार" है। आयुर्वेद दिवस हर साल धन्वंतरि जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इसे धनतेरस के नाम से भी जाना जाता है। 2016 से प्रतिवर्ष आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। यह उत्सव भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और देश की समग्र स्वास्थ्य देखभाल संस्कृति के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

------------------------------------------

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। राजधानी भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, गुना, राजगढ़, मंदसौर और ग्वालियर समेत करीब 23 जिलों में कल जमकर बारिश हुई। भोपाल में शाम से शुरू हुई बारिश देर रात तक जारी रही। खजुराहो और टीकमगढ़ में 1 इंच पानी गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक मालवा-निमाड़ में अगले 2 दिन तेज बारिश होगी।

जबलपुर-ग्वालियर संभाग भी भीगेंगे। इसके बाद मौसम खुलेगा और धूप निकलेगी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून की विदाई भी हो सकती है।

-------------------------------------------

भारत-बांग्लादेश-टेस्ट मैच

बांग्लादेश आज सुबह कानपुर में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत के साथ खेलते हुए तीन विकेट पर 107 रन के स्कोर से आगे अपनी पहली पारी की शुरूआत करेगा। तेज बारिश के कारण कल दोपहर को ही पहले दिन का खेल समाप्त कर दिया गया था तब मोमिनुल हक 40 रन और मुश्फिकुर रहीम छह रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत के लिए आकाश दीप ने दो विकेट और रविचंद्रन अश्विन ने एक विकेट लिया। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारतीय टीम दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

-------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में आनंद विभाग द्वारा तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण का आयोजन क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया।
- अशोकनगर में आज सहरिया जनजाति की महिलाओं के के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सामाजिक महिला प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड के निर्धारित उप स्वास्थ्य केन्द्र का भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान सेहत की टोकरी का वितरण भी किया जाएगा।
- उमरिया में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले भर में विभिन्न गतिविधायों का आयोजन किया जा रहा है।
- खरगोन में कल राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।
- कटनी में आंगनबाड़ी में बालको में कुपोषण दूर करने और उन्हें रुचिकर भोजन प्रदान कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं के बीच व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के सातो परियोजना केंद्रों से कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने हिस्सा लिया।
- डिंडोरी में आज स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत स्वच्छता बाईक रैली का आयोजन कलेक्टर कार्यालय से जबलपुर बस स्टेण्ड तक किया गया है।

-------------------------------------------

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिले 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव।
- राज्य में यौन अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस अफसरों को दिए निर्देश
- भोपाल, इंदौर और ग्वालियर समेत करीब 23 जिलों में कल जमकर बरसे बादल, आज मालवा-निमाड़ क्षेत्र में होगी बारिश।

--------------------------------------------